# हरिभूमि

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024




**खबर संक्षेप**



## जल की गुणवत्ता की जांच करने दिया गया प्रशिक्षण

कोण्डागांव। जल जीवन मिशन अंतर्गत गत दिवस फरसगांव विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव और बड़ेराजपुर के उप–स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुरी में मितानीन मास्टर ट्रेनर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोण्डागांव द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत जल परीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पानी से होने वाले जल जनित बीमारियों के बारे में बताया गया। पानी में पाए जाने वाले तत्व की मात्रा कितने से कितनी होना चाहिए व जल में मात्रा अधिक होने से होने वाली दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल के परीक्षण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर कमलकिशोर गिलहरे, ब्लॉक समन्वयक श्यामू नेताम, श्रीमती मीना सिन्हा, डब्लू क्यू.एम.एस. समन्वयक मिथलेश कुमार साहू एवं प्रयोगशाला सहायक श्यामलाल कोर्राम एवं पतिराम मरकाम उपस्थित रहे।

## जंगल में जुआ 7 हुए गिरफ्तार



कोण्डागांव। पुलिस ने जंगल में जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जुआरियों के पास से 6000 रुपए नकद, छह मोबाइल फोन और छह मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और मुखबिरों की सूचना के आधार पर संभव हो पाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों में शामिल न हों और पुलिस को सूचना दें।

## ट्रक की ठोकर से मवेशी की मौत, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 18 वी 5679 के चालक आकाश नगर जगदलपुर निवासी 47 वर्षीय मोहन शर्मा पिता स्व. सुखदेव शर्मा अपने वाहन से रायपुर की ओर जा रहा था। उपर नीचे रोड कांकेर के पास 27 अक्टूबर की रात साढ़े 9 बजें अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रोड में बैठी एक सफेद रंग की गाय को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 325 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बुजुर्ग ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत धनेसरा निवासी 60 वर्षीय उमेन सिंह दर्रो का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन 22 सितंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# बेबस यात्रियों के लिये प्रशासन की एजेंटों को चेतावनी, यात्रियों के साथ मनमानी नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में बसों के स्टाफ, संचालकों की मनमानी को लेकर सोमवार को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर बुकिंग एजेंटों की बैठक में अपर कलेक्टर ने चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के साथ अब किसी भी तरह की मनमानी पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी। लगातार बस भाड़े में अनियमितता व दुर्व्यवहार की शिकायतों के बाद अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर ने व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की टीम कभी भी आकस्मिक निरीक्षण करेगी, अगर किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो फिर बड़ी कार्रवाई की जावेगी। शासन द्वारा बसों के लिए निर्धारित किराया दर से अधिक किराया न लेने व बसों के साथ-साथ बुकिंग काउन्टर में प्रत्येक बसों की किराये सूची का बोर्ड लगा होना अनिवार्य है। इसके अलावा शासन के निर्देशानुसार यात्री बसों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट का आरक्षण दिये जाने के साथ-साथ दृष्टिहीन बौद्धिक दिव्यांग, दिव्यांग जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ हों, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक हो को पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों अथवा शासकीय चिकित्सालय के अधिकारियों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने एवं जिला परिवहन कार्यालय द्वारा बस पास जारी करने पर किराये पर 100 प्रतिशत का छूट दिया जाना आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजन व्यक्ति के लिए सीट आरक्षित किए जाने के साथ-साथ 100 प्रतिशत का छूट दिये जाने को प्राथमिकता के साथ लिया जाए।

### कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने ली बैठक

#### अभिनव प्रयास पर हो कार्रवाई



वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि सुकमा जिले में बसों की मनमानी चरम सीमा पर है। ऐसे में जिस तरह की पहल व निर्देश अपर कलेक्टर द्वारा दिये गये है, वो सराहनीय है। बशर्ते निर्देश सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि आम नागरिकों को इसका लाभ मिले।



#### बस में होंगे दो चालक

अपर कलेक्टर ने कहा कि लंबी दूरी तय करने वाली बसों में दो चालकों का होना अनिवार्य है। अगर ऐसा नही पाया जाता है तो फिर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जावेगा। ज्ञात हो कि आंध्र में 300 किमी आना-जाना करने वाली बसों में दो चालक होते है। जबकि सुकमा जिले से गुजरने वाली 1000 किमी तक के सफर में एक ही चालक अब तक बस को चलाता है। वहीं ठाकुर ने कहा कि बस चालक परिचालक के पास ड्रायविंग लायसेंस व वर्दी का उपयोग जरूरी है। जांच के दौरान लायसेंस व समस्त कागजात वाहन में होना अनिवार्य है। बस चालक, परिचालक व हेल्पर नशे में रहते है। ऐसा होने पर स्टाफ को पुलिस के हवाले कर देंगे। नाम व नंबर लिखा जाए। क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं।

### आशंका: आकाशीय बिजली के चपेट में आने से हुई होगी मौत

# एक सप्ताह पूर्व घर से निकले युवक की जंगल में मिली सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदली जंगल मे रविवार को गाँव के ही युवक की लाश सड़ी गली अवस्था में मिली है जो घर से एक सप्ताह पूर्व कांकेर जाने के नाम से निकाला था। घटनास्थल पर एक पेड़ और पत्थर में आकाशीय बिजली गिरने के निशान है। आशंका जताई जा रही है कि मृतक की आकाशीय बिजली कि चपेट में आने से मौत हुई होगी। घटनास्थल पर मृतक की चप्पल पत्थर के ऊपर पड़ी हुई है और जमीन में उसका मोबाइल फोन टूटा हुआ पड़ा है। लाश को जंगली जानवर खींचकर घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर ले गए हैं। मृतक का एक हाथ, एक पैर और पेट के सामने के हिस्से को जानवरों ने खा लिया है। शव की हालत काफी खराब हो गई है।

- शरीर के कई अंगों को जानवरों ने खाया





#### जंगली जानवर शव को खींचकर ले गए जंगल में

अमरसिंह का शव घटनास्थल के करीब 50 मीटर दूर जंगल के झाड़ियों में मिला, घटनास्थल से उसे खींचते हुए ले जाने के निशान मिले हैं। शव एक सप्ताह पुराना होने से सड़ गल गया है, वही जंगली जानवरों ने उसके शरीर के कुछ हिस्से को खा लिया है।

#### जांच के लिए शव भेजा गया जगदलपुर अस्पताल

फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पंचनामा के बाद घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर फरसगाँव के चीरघर में लाया गया। जिसके बाद फरसगाँव के डॉक्टरों ने जांच पोस्टमार्टम के लिए शव को जगदलपुर के डिमरापाल अस्पताल भेजा गया।

सोमवार को परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगाँव थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार छिंदली निवासी 32 वर्षीय युवक अमर सिंह मरकाम पिता स्व दसरू मरकाम शुक्रवार को दोपहर अपने घर से कांकेर जाने के नाम से निकला था। घर के लोग यह समझ रहे थे कि वह हमेशा की तरह काम करने कांकेर गया होगा, जिसके चलते परिजनों ने उसकी खोजबीन नहीं की। इसी दौरान रविवार की शाम गांव के ही एक ग्रामीण ने जंगल में गाय चराने के दौरान देखा कि युवक की सड़ी गली लाश देखकर सरपंच व अन्य ग्रामीणों को जानकारी दी। सभी ने घटनास्थल पर जाकर देखा और मृतक के चेहरे और कपड़ों से उसकी पहचान गाँव के ही अमर सिंह मरकाम के रूप में की। आशंका जताई जा रही है कि अमर अपने खेत के किनारे जंगल में स्थित पत्थर में बैठ कर मोबाइल फोन से बात कर रहा होगा। घटना के दिन उस क्षेत्र में दोपहर के समय बारिश हुई थी। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरी और युवक उसकी चपेट में आ गया। जिस पत्थर में मृतक बैठा था, उस पर आकाशीय बिजली गिरने के निशान है। साथ ही पास में स्थित पेड़ पर भी गाज के निशान दिख रहे हैं।

# संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता कोंडागांव जिला बस्तर संभाग में अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर संभाग में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल जगदलपुर में किया गया। मुख्य अतिथि जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप रहे। अध्यक्षता सांसद बस्तर महेश कश्यप ने की। प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले के विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर की टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज कर अव्वल रहा। शासन द्वारा बच्चों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराने एवं उनमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में पहले बस्तर की छात्र पूर्वा दास ने कन्नड़ में शपथ लेकर सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रश्न काल के दौरान कोंडागांव के छात्र- छात्राओं ने देश की विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों सहित स्वास्थ एवं जेनेरिक दवाइयां, अपार आईडी से लाभ आदि मुद्दों को रेखांकित कर उन पर चर्चा की। छात्र–छात्राओं की उपलब्धि के पीछे अभिभावकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इनको संसदीय कार्य प्रणाली की जानकारी देकर लगातार अभ्यास कराया गया था। नोडल अधिकारी अखिलेश गायधने ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा युवा संसद सामान्य प्रतियोगिता नहीं है। इस प्रतियोगिता के तहत हम जन प्रतिनिधित्व के मूलभूत सिद्धांतों को सिखाते हैं। ऐसा करके बच्चे ही इस देश का भविष्य बनेंगे और आगे जाकर के क्षेत्र का देश का नेतृत्व भी करेंगे। संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोंडागांव के विभिन्न विद्यालयों से 36 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वेदबती कश्यप अध्यक्ष, जिला पंचायत बस्तर सफीरा साहू, महापौर, नगर निगम जगदलपुर, मनीराम कश्यप, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बस्तर, श्रीमती कविता साहू सभापति, नगरपालिक निगम जगदलपुर उपस्थित रहे।

# रोड किनारे खड़ी युवती पर टांगी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/ माकड़ी

थानातंर्गत रोड के किनारे खड़े होकर फोन पर बात कर रही युवती पर टांगी से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार घटना 26 अक्टूबर 2024 की है। पीड़िता काम खत्म कर अपने घर स्कूटी से लौट रही थी। रास्ते में उसे एक फोन कॉल आया। जिसके कारण वह सड़क किनारे रुककर बात करने लगी।



इसी दौरान माकड़ी की ओर से धनी मंडावी अपनी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। आरोपी ने महिला के पास आते ही अचानक उसका स्कार्फ खींच लिया और भाग गया। हालांकि, आरोपी कुछ दूरी पर जाकर वापस लौटा और इस बार उसने महिला पर टांगी से हमला कर दिया। पीड़िता ने पहली वार को अपने हाथ से रोकने में कामयाबी पाई, जिससे उसे चोट तो लगी, लेकिन उसकी जान बच गई। आरोपी दूसरी बार हमला करने ही वाला था कि महिला ने हिम्मत दिखाते हुए खुद को बचाने के लिए वहां से भागने का निर्णय लिया। इस दौरान, भागते समय महिला का मोबाइल जमीन पर गिर गया था। आरोपी ने गुस्से में टांगी से मोबाइल पर वार कर उसे तोड़ दिया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। माकड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने तुरंत अपराध पंजीबद्ध करते हुए धारा 109 बीएनएस के तहत मामला कायम किया। आरोपी धनी मंडावी को घटना के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन चालकों पर की कार्रवाई

**कोण्डागांव।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना फिटनेस व बीमा सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की जांच के दौरान कुल 14 वाहनों पर 31 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही 2 वाहनों को जब्त किया गया। जिसमें से 1 वाहन का मार्च 2018 से मोटरयान कर बकाया होने एवं बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित होने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। एक वाहन बिना बीमा के संचालित होने पर जब्ती कार्रवाईकी गई। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने की हिदायत दी गई।



# एसडीओपी और तहसीलदार ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

**फरसगांव।** नगर के स्टेडियम में पटाखा दुकानें लगाई गई है। दिवाली पर्व को लेकर सोमवार को फरसगांव एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा और तहसीलदार डॉ. जयकुमार नाग व पुलिस टीम पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानों के आसपास के सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को देखकर एसडीओपी ने दुकानदारो को फटकार लगाई। सभी दुकानों में दिखावे मात्र के लिए सुरक्षा उपकरण रखे हुए थे। जांच कर कर एसडीओपी ने दुकानदारों को फटकार लगाते हुए सुरक्षा उपकरणों को दुरुस्त करने निर्देश दिए। साथ ही पटाखा गोदाम स्वामियों को मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी ने कहा कि बिना लाइसेंस के नगर में पटाखे बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। दुकान को बंद कराया जाएगा। जहां का रजिस्ट्रेशन है, वहीं पटाखे बेचने के निर्देश दिए। आगे भी निरीक्षण में अगर किसी भी दुकानदार द्वारा सुरक्षा इंतजामों में कमी पाई जाने पर कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत सीएमओ को पार्किंग की व्यवस्था सुनिशित करने कहा गया। साथ ही पानी के टैंकरों को दुकानों के आसपास रखने के साथ कर्मचारी तैनात करने कहा गया।



# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत पुनरीक्षण पूर्व संबंधी गतिविधियां जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर–घर सर्वे, मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण, कंट्रोल टेबल अद्यतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज जिले के समस्त 622 मतदान केन्द्रों तथा विधानसभा क्षेत्र 82 केशकाल अ.ज.जा. तथा 83–कोण्डागांव अ.ज.जा. के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में जनसाधारण के अवलोकनार्थ किया जाएगा। उक्त सूची का अवलोकन कर नागरिक यह जान सकते हैं कि उनका नाम मतदाता सूची में पंजीकृत है अथवा नहीं। दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 तक निर्धारित की गई है। उक्त अवधि में ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है तथा ऐसे युवा जिनकी 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो रही हो, अथवा 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 एवं 01 अक्टूबर 2025 में से किसी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आवेदन प्रारूप 06 में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नाम, पता, जन्म तिथि संशोधन एवं मतदान केन्द्र स्थानांतरण करने के लिए प्रारूप–08 भरकर संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. या अभिहित अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। मतदान केन्द्रों में शनिवार व रविवार 9, 10, 16 व 17 नवंबर को विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

# एक सप्ताह से जाम करा रहा ट्रेलर, हटाने का प्रयास जारी

**केशकाल।** केशकाल घाटी के क्रमांक 6 पर पिछले एक सप्ताह से जाम का कारण बन रहे बड़े ट्रेलर वाहन को हटाने का प्रयास जारी है। उसी के कारण एक घंटा के भीतर फिर से जाम लगने की सूचना मिल रही है। बताया जा रहा है कि घाटी के मोड़ 06 पर करीब एक सप्ताह से ट्रेलर खड़े होने पर लगातार जाम से नगरवासी व इसी मार्ग से यात्रा करने वाले लोगों के साथ वाहन चालक त्रस्त व परेशान हैं। प्रशासन ने घाटी 06नम्बर पर खड़ी बड़ी ट्रेलर को 26 अक्टूबर को क्रेन के मदद से हटाने का प्रयास किया, जिससे एक घंटे में ही जाम लग गया। पुलिस की मदद से खड़े ट्रेलर को थोड़ा किनारे किया गया, तब जाम खुलने के साथ धीरे धीरे गाड़ियां चलना शुरु हुई।



### आंबा भवन सहित मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए

# जनदर्शन में सड़क, बिजली सहित विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण के निर्देश किए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कोण्डागांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमड़ी के आश्रित ग्राम चाचीबेड़ा के ग्रामीणों ने नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग की। ग्रामवासियों की मांग पर कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। मर्दापाल तहसील के कोरहोबेड़ा, ग्राम–कीलम के ग्रामवासियों ने बिजली की सुविधा देने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कीलम के कोरहोबेड़ा में आज पर्यन्त बिजली नहीं पहुंच पाई है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर बिजली व्यवस्था प्रदाय करने के लिए सीएसईबी के अधिकारी को निर्देशित किया। कोण्डागांव शहर के आरएस कॉलोनी, डीएनके कॉलोनी और जामकोटपारा के वार्डवासियों ने सड़क, नाली, पेयजल की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर सीएमओ नगरपालिका को वार्डवासियों क समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार चाचीबेड़ा के ग्रामीणों ने बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए सड़क निर्माण की मांग की।

- कलेक्टर ने आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



#### विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर सड़क निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। इसके अलावा जनदर्शन में सीसी सड़क निर्माण, पुल निर्माण, आवास, वन अधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी भवन की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामान्य सभा का सम्मिलन 6 को

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य सभा का सम्मिलन 6 नवम्बर को किया जाएगा। सचिव सामान्य सभा एवं सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा सम्मिलन में छग बीज निगम के कार्यों सहित निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन विभाग, खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## पुजारीपारा में डीजे डांस 2 नवंबर को

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कलंगपुरी के आश्रित ग्राम पुजारीपारा में 2 नवंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धा में सामुहिक वर्ग में प्रथम पुरुस्कार 5000 रुपए, द्वितीय 2500 रुपए, तृतीय 1500 रुपए, युगल में प्रथम पुरुस्कार 2500 रुपए, द्वितीय 1200 रूपए, तृतीय 600 रुपए, एकल में प्रथम पुरुस्कार 1000 रुपए, द्वितीय 500 रुपए, तृतीय 300 रुपए प्रदान किया जाएगा।

# पूर्व सरपंच की मां की डूबने से मौत

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कन्हारगांव के पूर्व सरपंच परमेश्वर गोटा की म 70 वर्षीय सुको बाई गोटा 27 अक्टूबर की देर शाम लगभग 7 बजे आवासपारा जाने के लिए निकली थी, उसी दौरान तालाब के पास से गुजरने पर पैर स्लिप होकर तालाब में गिर गई। तालाब में गिरने से पूर्व सरपंच की माँ की मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर 28 अक्टूबर को पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

**पेज 11 के शेष**

## धनतेरस पर 100...

की शुरुआत कई शुभ योग के साथ हो रही है। देशभर के ज्योतिषियों का दावा है कि 100 साल बाद धनतेरस पर ऐसा संयोग बन रहा है, जो इस दिन को और भी शुभ बना रहा है। ज्योतिषियों की मानें तो इस बार धनतेरस के दिन पांच अद्भुत महासंयोग बन रहे हैं। 29 अक्टूबर को धनतेरस के दिन इंद्र योग, त्रिपुष्कर योग, वैधृति योग और लक्ष्मी नारायण योग के साथ फाल्गुनी नक्षत्र का अद्भुत महासंयोग बन रहे हैं। 100 साल बाद धनतेरस के दिन यह सभी संयोग बने हैं। ऐसे में यह दिन माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए और भी खास हो जाता है।

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



15 चारामा कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में आर्थिक ...





15 दुर्गूकोंदल में दिवाली बाजार सजकर तैयार...









## खबर संक्षेप



### सांसद कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**कांकेर।** सांसद कार्यालय का शुभारंभ 28 अक्टूबर को कमल सदन जाने वाले मार्ग पर वन विभाग के आवास पर शुभारंभ किया गया। सांसद भोजराज नाग ने कांकेर विधायक आशाराम नेताम, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, मंडल उपाध्यक्ष नीलू तिवारी व जिले के समस्त भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत अमोड़ा निवासी धनीराम दर्रो ने 26 अक्टूबर को सुबह 8 बजें फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अमोड़ा निवासी 34 वर्षीय उमेंद्र सिंह दर्रो ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पर्व : धनतेरस व दीपावली के लिए कांकेर का बाजार सजकर तैयार

# धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही का दुर्लभ महासंयोग बरसेगी सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस साल 29 अक्तूबर को धनतेरस है। इस दिन

- धनतेरस पर सायं 5 बजकर 48 मिनट से 7 बजकर 54 मिनट के मध्य करें पूजा
- धनतेरस को सुबह 7 बजकर 48 मिनट तक इंद्र योग, 10 बजकर 31 मिनट तक है त्रिपुष्कर योग

भगवान धन्वंतरि, यमराज और कुबेर देव की पूजा की जाती है। इससे साधक के धन धान्य में वृद्धि के योग बनते हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान धन्वंतरि आरोग्यता के देवता हैं, उनकी आराधना से रोगों से मुक्ति प्राप्त होती हैं। धनतेरस व दीपावली पर्व के पहले कांकेर का बाजार सजकर तैयार हो गया है। धनतेरस में बाजार में भीड़ बढ़ना तय है।

भारत में धनतेरस के पर्व को अलग-अलग मान्यताओं के साथ मनाया जाता है, जो सभी के जीवन में पर्व की महत्ता को अधिक बढ़ता है। धनतेरस दिवाली उत्सव का पहला दिन होता है, जिसकी धूम भाई दूज तक देखने को मिलती हैं। हर साल की तरह इस साल भी धनतेरस


⏭ शेष पेज 10 पर






### खरीदारी का है विशेष महत्व

धनतेरस के दिन सोना चांदी के साथ बर्तन खरीदारी का अपना विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन सोना-चांदी से बने आभूषण खरीदना बेहद शुभ होता है। धनतेरस के दिन लक्ष्मी चरण को घर लाना और भी लाभकारी माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन खड़ा धनिया खरीदना बेहद शुभ होता है। इसे घर लाने के बाद धन की देवी मां लक्ष्मी और कुबेर देवता के चरणों में अर्पित करना चाहिए। मत्स्य पुराण के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से घर में बरकत होती हैं। हिंदू धर्म में झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति खरीदना बेहद शुभ होता है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है।

### धनतेरस में पूजा करने की विधि

धनतेरस के त्योहार पर सुबह ही स्नान कर लेना चाहिए, फिर स्वच्छ वस्त्रों को धारण कर लें। अब आप घर की साफ-सफाई करें। इस दौरान मंदिर की सफाई पर अधिक जोर दें, फिर सूर्य देव को जल अर्पित करें। पूजा के लिए सबसे पहले चौकी लगाएं। उसपर लाल रंग का साफ वस्त्र बिछाएं, अब मां लक्ष्मी, भगवान धन्वंतरि और कुबेर जी की प्रतिमा को विराजमान करें। इसके बाद दीपक जलाकर चंदन का तिलक लगाएं और आरती करें। इस दौरान कुबेर जी के मंत्र ॐ ह्रीं कुबेराय नमः का 108 बार जप करें और धन्वंतरी स्तोत्र का पाठ करें। अंत में फल समेत आदि चीजों का भोग लगाएं। श्रद्धा अनुसार दान करें। इससे धन लाभ के योग बनते हैं।

### दिनभर है शुभयोग

वैदिक पंचांग के अनुसार 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजकर 48 मिनट तक इंद्र योग है। इसके अलावा इस दिन सुबह 10 बजकर 31 मिनट तक त्रिपुष्कर योग भी है, वहीं धनतेरस के दिन वृश्चिक राशि में शुक्र और बुध एक साथ विराजमान होकर लक्ष्मी नारायण योग भी बना रहे हैं, जो बेहद ही शुभ है।

### इस समय में करें पूजा

ज्योतिषों के अनुसार ने बताया कि इस दिन शाम को 5 बजकर 48 मिनट से 7 बजकर 54 मिनट के बीच यदि माता लक्ष्मी की पूजा घर में की जाएं, तो पूरे साल भक्तों पर उनकी कृपा बरसती रहेगी। इस दिन का गोधूलि मुहूर्त सायं 5 बजकर 38 मिनट से 6 बजकर 4 मिनट तक है।

## बाइक की ठोकर से घायल महिला की मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर




थानांतर्गत भानुप्रतापपुर के फारेस्ट नाका के पास बाईक सवार युवक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल महिला को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतिका इतवारीन बाई कुलदीप 31 अगस्त को चर्च में प्रार्थना करने गई थी। प्रार्थना करके पैदल वापस घर आ रही थी। फारेस्ट नाका के पास शाम लगभग 4 बजे पहुंची थी कि पीछे से आ रही आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएल 6538 के चालक बालोद जिला के भेजा मैदानी निवासी 30 वर्षीय दुर्गेश कुमार साहू पिता नजरू राम साहू ले मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया, जिससे मृतिका सड़क पर गिर गई। गिरने से सिर के पीछे चोट लगी थी। ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर ले गए। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। ईलाज के दौरान गंभीर चोट आने से मौत होने पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर निवासी 70 वर्षीय रामजी साहू ने 14 अक्टूबर को जहर खा लिया था। ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## पंचायत पदाधिकारियों को परेशान करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थानांतर्गत कांकेर के ग्राम कोदाभाट के ग्रामीणो के खिलाफ फर्जी शिकायत कर उन्हे परेशान करने का मामला सामने आया है। आरोपियों द्वारा बार-बार पंचायत पदाधिकारियों व ग्रामीणो को परेशान करने पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंची कोदाभाट निवासी 40 वर्षीय पुष्पा नाग पति श्रवण नाग ने पुलिस को बताया कि 25 अक्टूबर को ग्राम कोदाभाट निवासी प्रवीण नाग एंव राजेन्द्र नाग के द्वारा ग्राम कोदाभाट के 18 ग्रामीणो के खिलाफ फर्जी शिकायत किया गया था, जिस संबंध मे ग्राम पंचायत कोदाभाट में बैठक का रखा गया था। बैठक में ग्रामीणो एंव पंचायत पदाधिकारियो के साथ पूछताछ के दौरान प्रवीण नाग एंव राजेन्द्र नाग ने गाली एंव जान से मारने की धमकी दिया। शिकायतकर्ता एंव ग्रामीणजन जिनके नाम से शिकायत दर्ज कराई गई है उनके शिकायत की सुनवाई की गई, जिसमें 18 ग्रामीण जिनके नाम से शिकायत दर्ज कराया गया था उन्होने शिकायत से इंकार किया एंव नाम को हमारे बिना जाने ही शिकायत मे नाम दर्ज कराया जाना बताया। सुनवाई के दौरान प्रवीण नाग एंव राजेन्द्र नाग द्वारा पंचायत पदाधिकारियो को गाली एंव धमकी दिया जा रहा है। हमेशा किसी न किसी रूप से ग्रामीणजन एंव पंचायत को अनावश्यक परेशान किया जाता है व पंचायत के बहुमुल्य समय का क्षय किया जाता है। समस्त ग्रामवासी प्रवीण नाग एंव राजेन्द्र नाग पिता सुखडू राम नाग से बार-बार शिकायत व दंबगई से परेशान हो चुके है। पुलिस ने आरोपियों प्रवीण नाग एंव राजेन्द्र नाग के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




## बलरामपुर कांड के विरोध में कांग्रेस ने सीएम व गृहमंत्री का पुतला फूंका

**कांकेर।** बलरामपुर जिले में पुलिस कस्टडी में युवक की मौत को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय कांकेर के पुराने बस स्टैण्ड में कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रदेश सरकार की नाकामी के खिलाफ गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमा-झटकी भी हुई। प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि बलरामपुर में घटित घटना पुलिस प्रताड़ना और पुलिस कस्टडी में युवक की मौत सरकार की नाकामी को दर्शाता है। इसके लिए गृहमंत्री को तत्काल नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि राज्य में रोज-रोज हिंसक घटने घटित हो रही हैं, जिस पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह से सरकार विफल हैं। राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, अपराधिक घटनों पर सरकार का नियंत्रण खो चुका हैं, ऐसे स्थिति में भाजपा की सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में रास्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। प्रदेश के बलरामपुर, कवर्धा, बलौदा-बाजार, सूरजपुर, सीतापुर सहित अन्य जिलों में भी लगातार आपराधिक घटनाए घटित हो रही है। लूट, चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाए आम बात हो गई है। भाजपा के राज में पूरे प्रदेश में आराजकता का महौल हैं सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को सम्भाल नहीं पा रहे हैं। सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की बनती है और कानून व्यवस्था गृहमंत्री से संभल नहीं रहा है, ऐसे में कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करती हैं। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।



## दो बाइक की भिड़ंत में 1 गंभीर दूसरे चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 14 से पीव्ही 113 जाने वाले मार्ग पर दो बाईक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गया। टक्कर से युवक जमीन में गिरकर घायल हो गया। घायल के बेटे को घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पहुंचा और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 113 ब्रम्हपुर का निवासी संजीत मृधा पिता समरेश मृधा ने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल डिलक्स क्रमांक सीजी 08 एएन 5429 से जिला सहकारी बैंक पखांजुर में पैसा निकालने गया था। बैंक बंद होने से वापिस अपने घर आ रहा था, तभी ग्राम पीव्ही 16 से पीव्ही 113 जाने के पक्की मार्ग पर पुलिया के पास पीव्ही 113 कि ओर से आ रही मोटर सायकल के चालक पीव्ही 100 निवासी प्रीतम शील ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मुझे ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया, जिससे मै वही पर गिर गया और मेरे दाहिने पैर में चोट लगा। आरोपी मोटर सायकल चालक अपना गाड़ी लेकर भाग गया।

घटना की जानकारी परिवार वालो को दिया तब मेरा बेटा आया और मुझे पखांजुर के निजी अस्पताल लेकर गया। ईलाज कराने के बाद थाना में एक्सीडेंट का शिकायत दर्ज कराने आया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## भानुप्रतापपुर नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**भानुप्रतापपुर।** दीपावली के पर्व के अवसर की शुरूआत आज धनतेरस 29 अक्टूबर से शुरू होगी और इस दिन से नगर में आमजनता का सड़को पर दबाब बढ़ जाएगा। शहर में यातायात पर बढ़ रहे दबाव को देखते हुए एसडीएम आस्था राजपूत ने 28 से 31 अक्टूबर तक भानुप्रतापपुर नगर में शाम 5 बजे सें रात 9 तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाया गया है, इसका पालन पुलिस विभाग के द्वारा करवाया जाएगा।




**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969


लाइट लगाने में लाखों रुपए फूंके थे

## कांग्रेस कार्यकाल का भ्रष्टाचार उजागर हाईमास्ट एवं सोलर लाइट बने शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड मुख्यालय में लाखों रूपएं खर्च करके कांग्रेस के कार्यकाल में हाईमास्ट लाईट लगाई गई थी परंतु कई माह से यह लाईट बंद पड़ी है। कांग्रेस के कार्यकाल में हाईमास्ट और सोलर लाईट का भ्रष्टाचार से सभी वाकिफ है और कई जगह एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। यह लाईटे अब शोपीस बनकर रह गई है। कांकेर जिले में करोड़ो की लाईट लगी और जमकर घोटाला हुआ था। जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल में बाजार चौक के पास लगाई गई हाईमास्ट और सोलर लाइट कई महीनों से खराब है। इससे दुकानदारों और कस्बे के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं। लाखों रूपएं खर्च करके लगाई गई हाईमास्ट की पोल खुलने लगी है। कांग्रेस के कार्यकाल में करोड़ो रूपएं खर्च करके खेल खेला गया था। ग्रामीणों ने कहा कि कस्बे की बाजारपारा के पास लगाई गई सोलर लाइट कई महीनों से खराब है और दूसरी तरफ अटल चौक के पास लगी हाईमास्ट भी खराब होने के चलते नागरिकों और दुकानदारों को अंधेरे का सामना करना पड़ता है। प्रशासन के द्वारा लगभग 4 लाख खर्च करके लाइट लगाई गई थी, लेकिन खराब होने के बाद उसकी मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे आसपास के क्षेत्र में अंधेरा रहता है। दुकानदारों को इससे काफी दिक्कतें होती हैं। दो दर्जन से ज्यादा दुकानदार इससे प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन अधिकारी मौन बैठे हुए हैं। हाँटल संचालक ओम दुग्गा ने बताया कि अटल चौक के पास लगी हाई मास्ट लाइट महीनों से खराब पड़ी हुई है। जनरल स्टोर संचालक मुकेश देवांगन और हेमंत नाग ने बताया कि बाजार चौक पर लगी लाइट कई महीने से नहीं जल रही है, जिससे चौराहे पर अंधेरा रहता है इसी रास्ते से क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों का आना-जाना है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को काफी समस्या होती है।




**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल

मो. 9407909500

## खबर संक्षेप

### व्यापारी का पुत्र बना सब इंस्पेक्टर



जगदलपुर। शहर के तेतरखुटी निवासी पवन कुमार झा का सब इंस्पेक्टर पद में चयन हुआ है। स्कूल शिक्षा नेशनल इंग्लिश स्कूल जगदलपुर और ग्रेजुएशन पीजी कॉलेज जगदलपुर से हुआ है। उनके पिता शत्रुघ्न झा का किराना दुकान चलाते है और माता गृहणी है।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

जगदलपुर। जिला प्रशासन द्वारा 29 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षण संस्थाओं के बच्चे, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारी भाग लेगें। रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रातः 7.30 बजे दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड होते हुए, बस्तर हाई स्कूल के सामने से, गोल बाजार चौक से मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण बस्तर ने सभी से आयोजन में भाग लेने की अपील की गयी है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

किरंदुल। नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को बचेली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 23 अक्टूबर को आरोपी रामू नाग ऊर्फ कान्चा पिता मोहन नाग उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 लेबरहाटमेंट पुराना मार्केट बचेली ने नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी किया। प्रार्थिया ने 27 अक्टूबर को थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मागदर्शन में महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम एवं मामले की गंभीरता हो देखते हुये आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के दिशा-निर्देश प्राप्त होने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया।

## श्रमिकों को बंधक बनाकर काम कराने के आरोप में दो सुपरवाइजर गिरफ्तार

**4 मजदूर बंधकों को सुरक्षित लाने में पुलिस को मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

26 घंटे के भीतर आंध्रप्रदेश जाकर मजदूरों एवं नाबालिग बालकों को प्रताड़ित कर बंधक बनाकर जबरन काम कराने वाले 2 आरोपी सुपरवाइजर एल. श्रीनिवास, ए. सुरेश निवासी कोटपल्ली श्रीकाकुलम आंध्रप्रदेश को गिरफ्तार करने व 4 मजदूर बंधकों को सुरक्षित लाने में पुलिस को कामयाबी मिली है।

- आंध्रप्रदेश से युवकों व नाबालिगों को लाया गया

प्रार्थी प्रेमा मांडवी निवासी तेलम थाना कटेकल्याण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इन्हें आंध्रप्रदेश कुतेवैंन्यू में स्थित झींगा कंपनी के मैनेजर ने मोबाइल से संपर्क कर स्वयं का झींगा (मछली) का कंपनी है। यहां काम करने आ जाओ अच्छी सेलरी, फ्री खाना एवं फ्री इलाज की सुविधा देंगे, बोलकर प्रलोभन देने से



प्रार्थी इनके बहकावे में आकर अपने गांव के 6 अन्य साथियों को झींगा कंपनी कुतेवैंन्यू आंध्र प्रदेश ले गया। वहां जाने के बाद संध्या एक्वा एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड फॉर्म कुतेवैंन्यू (झींगा कंपनी) के मैनेजर के. हर्षा निवासी हैदराबाद एवं सुपरवाइजर एल. श्रीनिवासन, ए. सुरेश एवं एल. कृष्ण के द्वारा झींगा मछली को दाना देने, निकालने एवं घास काटने का कार्य कराने लगा। जैसे ही ग्राम तेलंम के मजदूरों एवं बालकों के द्वारा अपने मजदूरी पैसा मांगने पर सुपरवाइजरों के द्वारा जबरन मारपीट कर बंधक बनाकर प्रताड़ित कर दिनभर बंधुआ मजदूर की तरह काम कराने से प्रार्थी जैसे-तैसे वहां से भागकर घर आकर ग्राम सरपंच के साथ 26 अक्टूबरको थाना आकर अपने ही गांव के दो मजदूर एवं दो बालक को छुड़ाने हेतु रिपोर्ट किया। जिस पर थाना कटेकल्याण में अपराध क्रमांक 42/2024 धारा 127(4), 143(1) (2))3(4(5),146 बीएनएस, जे. जे एक्ट 75, सी.एल. एक्ट 14(1)(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के द्वारा बंधक मजदूर एवं बालकों को अतिशीघ्र बरामदगी करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारीके लिए निर्देशित किया।

### दो माह से थे बंधक

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दंतेवाड़ा राहुल उयके के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कटेकल्याण के नेतृत्व में टीम गठित कर कुतेवेंन्यू आंध्रप्रदेश रवाना होकर 2 महीने से बंधक मजदूरों लिंगा मांडवी, बुधराम मंडावी एवं बालक बुधराम मंडावी, बबलू मांडवी सभी निवासी ग्राम टैटम को आंध्रप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षित बरामद किया गया। आरोपी सुपरवाइजर एल. श्रीनिवास पिता गोपालराव उम्र 42 वर्ष एवं ए. सुरेश पिता ए. रमना उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कोटपल्ली जिला श्रीकाकुलम आंध्रप्रदेश, को 27 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश कुतेवैंन्यू से विधिवत गिरफ्तार कर 28 अक्टूबर को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## पर्यटकों के लिए एक नवंबर से खोला जाएगा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान एक नवंबर से पर्यटकों के लिए फिर से खुलने जा रहा है। पहले यह उद्यान 22 अक्टूबर को खोलने का निर्णय लिया गया था, लेकिन चक्रवात के कारण भारी बारिश और कोटमसर गुफा में फिसलन की स्थिति के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे बंद रखा गया था। अब स्थिति सामान्य होने के बाद पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गुफा को फिर खोलने का निर्णय लिया गया है। यह उद्यान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर पर्यटक कोटमसर गुफा के अनोखे वातावरण का अनुभव करने के साथ-साथ जिप्सी सफारी का रोमांचक आनंद भी उठा सकेंगे। कांगेर घाटी की प्राकृतिक सुंदरता और रोमांच का आनंद लेने के लिए उद्यान पूरी तरह से तैयार है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के

- पर्यटकों को मिलेगा प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांचक अनुभव



निदेशक ने सभी पर्यटकों से कहा कि वे उद्यान की यात्रा के दौरान सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और वर्तमान मौसम की स्थिति के कारण विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। निदेशक ने पर्यटकों से कहा कि कोटमसर गुफा और जिप्सी सफारी जैसे रोमांचक स्थलों का अनुभव लेते समय सभी सुरक्षा नियमों का पालन करें और उद्यान के वन्यजीवन तथा प्राकृतिक संपदा को बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने पर्यटकों से यह भी आग्रह किया कि वे गंदगी न फैलाएं और वनस्पतियों व जीवों को नुकसान न पहुंचाएं तथा गुफा में फिसलन की संभावना को देखते हुए उपयुक्त जूते पहनें।

## वन विभाग करेगा ग्रामीण क्षेत्र की देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंदरूनी क्षेत्रों में ग्रामीणों को देवगुड़ियों पर आस्था है। शासन के निर्देश पर वन विभाग बस्तर संभाग के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित देवगुड़ियों का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। इसके चलते अब तक लगभग 33 देवगुड़ियों के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बना कर मुख्यालय को भेजा गया है। वहीं हॉल ही में वन परिक्षेत्र भानपुरी में केशरपाल परगना के अंतर्गत मां दन्तेश्वरी माता परगना देवगुड़ी केशरपाल के प्रांगण में वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने सिराहा, पुजारी, गांयता, मांझी, चालकी का बैठक आयोजित किया। बैठक में ग्रामीणों के साथ विचार विमर्श कर ग्रामीणों की सहमति से गांवों में स्थित देवी-देवताओं के देवगुड़ियों का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। देवगुड़ी सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु देवगुड़ियों का प्रस्ताव तैयार कर प्रतिवेदन अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव किया गया है। बैठक में सीसीएफ के साथ डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ आईपी बंजारे, योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा सहित रेंजर और अन्य वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## आवारा पशुओं का अच्छा नियंत्रण करने वाली पंचायतों को किया जाए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण हेतु जिलों में की गई कार्रवाई की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण के लिए हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कार्रवाई कर पालन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के कितने स्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जिले में कितने पशुओं में रेडियम पट्टी लगाया गया है, सड़क के किनारे समतल एवं सूखे कितने स्थान का चिन्हांकन किया गया है, घुमन्तुक पशुओं के मालिकों को समाझाइश के लिए कितने समिति का गठन किया गया है। कितने जन चैपाल के माध्यम से पशु मालिकों को समझाइश दी गई है। नोडल अधिकारी के नाम उनके संपर्क नम्बर एवं हेल्पलाइन का नम्बर जारी करने, घुमन्तुक पशुओं के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कितने-कितने कांजी हाऊस की व्यवस्था की गई है। जिले में गौशाला की संख्या एवं पशु रखे जाने की क्षमता, गौ-अभ्यारण, जिले में उपलब्ध काउ केचर की स्थिति, ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से पशु मालिकों को जागरुकता के लिए समझाईश, अर्थदण्ड की कितनी राशि वसूल की गई और पशुओं के कारण दुर्घटना की स्थिति की समीक्षा की गई। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और प्रभारी अधिकारियों ने जिलों में की गई कार्रवाई से अवगत करवाया।

- कमिश्नर ने पशुओं के नियंत्रण पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की




## सक्रिय एक महिला नक्सली हेमला भीमे ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर नक्सल संगठन में सक्रिय एक महिला नक्सली ने सरेंडर किया है। महिला नक्सली हेमला भीमे पिता नंदा मिलिशिया सदस्या पेद्दा बोड़केल आरपीसी अन्तर्गत उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी तिम्मापुरम सेन्नेपारा थाना चिंतलनार ने आज सरेंडर किया है।

आरएफटी सुकमा के विशेष सूचना शाखा की भूमिका के तहत प्रोत्साहित करने पर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन छोड़कर घर



वापसी की है। समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में निरीक्षक अविलाष टण्डन प्रभारी डीआरजी जिला सुकमा एवं उप निरीक्षक निरंजन वराड डीआईजी रेंज सुकमा के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर किया है। उक्त आत्मसमर्पित महिला नक्सली को पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय की जाएंगी।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर होगी एकता दौड़ आज

बीजापुर। भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 29 अक्टूबर को सबेरे 8 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। यह दौड़ सांस्कृतिक मैदान बीजापुर से प्रारम्भ होगा और सर्किट हाउस बीजापुर में समाप्त होगा। चूंकि सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को है, इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एकता दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया है। एकता दौड़ में महिला पुरूष, खिलाड़ी, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी वर्ग के धावक भाग ले सकते हैं। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावक को 5 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर संबित मिश्रा हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारंभ करेंगे।



# धनतेरस व दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...







## M.S. मोटर्स



सभी प्रकार की नई एवं पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री की जाती है एवं गाड़ियों का बीमा किया जाता है।



प्रो. मोनू साहू
9406026726

टू व्हीलर वाहनों के विक्रेता

पारस साहू
7587498989

पीजी कॉलेज के पास, रायपुर रोड, कांकेर - 494334 (छ.ग.)

## M.S. मोटर्स



ESCORTS POWERTRAC

पावरट्रेक ट्रेक्टर्स
अधिकृत विक्रेता : कांकेर

प्रो. ऋषभ साहू
9098814848

मोनू साहू - 9406026726

ऑक्सीजन पार्क के सामने गजबल्ला कॉम्पलेक्स NH रोड कांकेर (छ.ग.)

SJ Jewellery




नारी करे जब संचेती ज्वेलर्स के गहनों का श्रृंगार,
तो उस घर में होती है शांति और उन्नति अपार

विश्वास का प्रतीक

# संचेती ज्वेलर्स

(हल्बा वालों की दुकान)

शुभ धनतेरस



- 100% वापसी के लिए हालमार्क ज्वेलरी।
- डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई पेमेंट सुविधा।
- स्वर्ण संचय योजना में अतिरिक्त लाभ।

जैसी शुद्धता वैसा दाम

पूर्ण पारदर्शिता

कस्टमर फ्रेंडली बाय बैक पॉलिसी

स्टोन्स, मोती व कुंदन का सही रेट

## संचेती ज्वेलर्स

सोने एवं चांदी के आभूषणों के क्रेता-विक्रेता (हल्बा वाले)

सिनेमा चौक, कांकेर, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर

मो.: 9424289097, 7470489097

श्री
।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
ग्रेनाइट मार्बल टाईल्स कोटा स्टोन तुलसी चौरा मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### उप निरीक्षक से निरीक्षक बने राजेश



**दरभा।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के तहत विभिन्न जिलों में पदस्थ उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दिया गया हैं। इसके तहत जिला बस्तर के दरभा क्षेत्र के पखनार चौकी से राजेश कुमार राठौर को उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई हैं। आदेश के फलस्वरूप बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं केशलूर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप कौशले ने राजेश कुमार राठौर के कंधे में स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने पदोन्नत हुए राजेश कुमार राठौर को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में भगवान धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन बस स्टैंड दंतेवाड़ा में 29 अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी, युनानी, योग पद्धति से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वात रोग, मधुमेह, दमा, उदर रोग, उच्च रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, बवासीर, चर्म रोग, स्त्री रोग आदि रोगों से बचाव हेतु परामर्श व रोगों का परीक्षण एवं निदान कर निःशुल्क औषधि प्रदान की जायेगी।

### जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय विगत दिवस महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी रहे। इस कार्यशाला में सह प्राध्यापक वानिकी शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर डॉ.संजीवन भूआर्य ने इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके अलावा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि जनजातीय समाज सदियों से अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित करता आया है। पूर्वजों द्वारा एक समृद्ध विरासत सौंपा गया है, जिसे आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्ना बाला मोहंती आदि उपस्थित थे।

### मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध

# बलरामपुर घटना की जांच उच्च न्यायालय के जज की निगरानी की जाए : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है। तब से छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश के बलरामपुर की घटना को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरूचरण मंडल की मौत हो गयी। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरूचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है।



सारे तथ्य बताते है बलरामपुर में युवक गुरूचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। मृतक जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरूचरण मंडल को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा 4 दिनों से उसे थाने में हिरासत में रखा था। पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में हूं। पुलिस ने हमें बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से मैंने अपने बेटे को खो दिया।

प्रेस वार्ता में विधायक मंडावी ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरूचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया, जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया?

मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस जलाना क्यों चाहती थी? हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा, लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराया जाये। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बना कर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये। मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाये। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे, गृहमंत्री को बर्खास्त किया जाये।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपावली के लिए सजा बाजार, बढ़ी चहल-पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए लोगों की तैयारियां जोरों पर है। दीपावली के पर्व को लेकर नगर व आस-पास के ग्रामीण अंचलों के बाजार सज कर तैयार हो चुके हैं। दीपों के पर्व के लिये लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी हैं। बाजार में दीपावली से संबंधित सामग्री भी जगह-जगह देखी जा रही है। दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ी है। इस बार बाजार में रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों के साथ अन्य सजावट के सामान ज्यादा नजर आ रहे है। मिट्टी के दीये बाजार में अपनी खूबसूरती के साथ बिकते नजर आ रहे हैं। लोगों ने कपड़ा, रंगोली, ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिकल सामान व सराफा तथा गिफ्ट आयटम की दुकानों में खरीदारी शुरू कर दी है। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की है। इस बार व्यवसायियों को खास करके कपड़ा ऑटोमोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में जमकर कारोबार होने का अनुमान है। वहीं नगर की कपड़ा दुकानों में जींस, टी-शर्ट, साड़ी, सूट एवं रेडीमेड कपड़ों सहित पूजा सामग्री साथ ही देवी-देवताओं के सजावट के विभिन्न प्रकार के सजावटी सामानों की खरीदी लोगों ने शुरू कर दी है। मंद पड़े व्यापार के भी पटरी पर आने की उम्मीद है।

## टाटा कर्व एसयूवी कूपे की हुई लॉंचिंग






हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

टाटा कंपनी की बहुप्रतिक्षित एसयूवी कम कार टाटा कर्व की लांचिंग टाटा मोटर्स के बस्तर संभाग के अधिकृत डीलर जगदलपुर मोटर्स में रविवार को की गई। इस अवसर पर बस्तर के पुलिस अधिक्षक सलभ कुमार सिन्हा एवं बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी बतौर अतिथि मौजूद थे।

जगदलपुर मोटर्स को मैनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम शर्मा एवं डायरेक्टर नीरज शर्मा ने बताया कि टाटा कर्व एसयूवी कूपे बॉडी स्टाइल, पारंपरिक बॉक्सी डिजाइन के विपरीत है जो कि मिड-साइज एसयूवी बाजार में आम है। इसकी एयरोडायनामिक बेहद ही अलग है, जो इसे नई रफ्तार देने में मदद करेगा. इसे कुल तीन इंजन विकल्पों के साथ पेश किया गया है। टाटा मोटर्स ने घरेलू बाजार में अपनी नई कूपे स्टाइल एसयूवी टाटा कर्व के पेट्रोल-डीजल वर्जन को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। इससे

**बिजनेस साइट**

पहले कंपनी ने इसके इलेक्ट्रिक वर्जन को लॉन्च किया है। आकर्षक लुक और दमदार इंजन से लैस इस मिड-साइज एसयूवी को 9.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत में लॉन्च किया गया है. इसके टॉप मॉडल की कीमत 17.69 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है।

टाटा मोटर्स का कहना है कि, टाटा कर्व को व्यावहारिक रूप से भारतीय परिवार के लिए डिजाइन किया गया है जो लंबी ड्राइव के लिए बाहर जाना पसंद करते हैं. कर्व अपने एसयूवी कूपे डिजाइन के साथ एक आधुनिक और मॉर्डन इंटीरियर के साथ आती है. इसके प्रीमियम अपील पर जोर दिया गया है और केबिन में फर्स्ट-इन-क्लास तकनीक और फीचर्स को शामिल किया गया है. ड्राइविंग को मनोरंजक बनाने के लिए टाटा ने इसमें जेबीएल के 9 स्पीकर को शामिल किया है. इसके अलावा इस एसयूवी को मल्टीपल वॉयस कमांड सिस्टम से भी लैस किया गया है. जो भारत की कई क्षेत्रीय भाषाओं में कमांड लेता है.

कर्व को कुल आठ वेरिएंट में पेश किया जा रहा है, जिसमें स्मार्ट, प्योर+, प्योर+ एस, क्रिएटिव, क्रिएटिव एस, क्रिएटिव+ एस, एक्मप्लिश्ड एस और एक्मप्लिश्ड+ ए शामिल हैं।

लॉंचिंग के अवसर पर पैसेन्जर सेग्मेंट के जनरल मैनेजर आशिष शर्मा, कामर्शियल सेग्मेंट के जनरल मैनेजर रितेश राजपूत के साथ सेल्स एवं सर्विस की पूरी टीम उपस्थित थे।

## जल व प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा






जिले में जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहे इसके दुष्प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर विचार विमर्श करना था। कार्यालय में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले में भू-जल का स्तर बढ़ाने पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है। जिले में वर्षा की स्थिति अच्छी रही है, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण हेतु एक उत्कृष्ट रणनीति बनाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गांवों में पहले की अपेक्षा तालाब या डबरी निर्माण की मांग में कमी आई है, इसके लिए ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए उन्हें जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल संसाधनों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाएं बनाई जाएंगी। कार्यशाला में सभी जल संरक्षण, भूमि क्षरण, जैव विविधता और कार्बन उत्सर्जन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस मौके पर विकासखंड गीदम से आये सीएलएफ. के सदस्य कुलवंती एवं रूबी द्वारा समुदाय एवं दीदियों के द्वारा विकासखंड में 40 गांव में प्राकृतिक संसाधन एवं जल संरक्षण पर जीआईएस. आधारित किये गए प्लान पर अपने अनुभव साझा किये।

### तनाव मुक्ति के लिए हुआ स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम

**बीजापुर।** 85 बटालियन सीआरपीएफ नयापारा बीजापुर के प्रांगण में बल के जवानों को तनाव से मुक्त करने के लिए हॉलिस्टीक इंटेग्रेटेड अर्मिता मेडिटेशिन केरला के द्वारा तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम हॉलिस्टीक इंटेग्रेटेड अर्मिता मेडिटेशिन केरला की तरफ से आये प्राध्यापक नरेन्द्र आनन्द और श्वेता द्वारा तनाव प्रबंधन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 85 बटालियन के कमांडेंट सुनील कुमार राही, ज्योति प्रकाश शर्मा सहायक कमांडेंट , अधिनस्थ अधिकारीगण एवं सभी जवानों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। तनाव प्रबंधन के आयोजन के दौरान वाहिनी के सभी जवानों को तनाव जागरूकता के बारे में बताया गया और तनाव के मूल कारणों के प्रबंधन के बारे भी अवगत कराया गया।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

## सांसद ने विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र से किया सम्मान

### छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति, आईटीआई में जनजाति गौरवशाली अतीत कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के आईटीआई में जनजाति गौरवशाली अतीत कार्यक्रम एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन आज किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किये। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा जनजाति गौरव शाली अतीत कार्यक्रम का उद्देश्य, जनजाति समुदाय की संस्कृति, उसकी उपलब्धियां और योगदान को सम्मानित करना हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने आदिवासी शब्द की उत्पत्ति के विषय विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा आदिवासी जनजाति समाज का इतिहास दुनिया में अद्भुत रहा है।

लेकिन समय के साथ कुछ आक्रमणकारियों ने आदिवासी जनजाति समाज को कुचलने के लिए कई षड्यंत्र किये। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 1999 में एसटी और एससी वर्ग के लिए अनुसूचित जनजाति मंत्रालय बना कर दिया। वहीं 60 साल शासन करने वालों ने नहीं दिया। छत्तीसगढ़ महतारी को जन्म देने वाले भी स्व. अटल बिहारी वाजपेई हैं। सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर दिया।

वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे आदिवासी महापुरुषों को सम्मान देने के लिए भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाने के लिए संविधान संसद में कानून बनाकर मान्यता दिया।

इस दौरान प्राचार्य अनिल कुमार मांडले, प्रशिक्षण अधीक्षक जीआर ठाकुर, जीएस ठाकुर, रवि नारायण साय, नवीन साहू, डीएस कश्यप, नरेंद्र कश्यप, झामलाल कंवर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का माधेश्वर जैन जिला अध्यक्ष हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोरर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर अध्यक्ष पद का चुनाव पर्यवेक्षकों, ब्लाक अध्यक्षों व ग्रामीण परिक्षेत्र पदाधिकारीयों कि उपस्थिति में मंडी प्रांगण कोरर में संपन्न हुआ। जिसमें माधेश्वर जैन अंतागढ़ का मनोनयन कर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रक्रिया को पूर्ण कराने में पर्यवेक्षक नीलकंठ शार्दूल जिला अध्यक्ष कोंडागाँव, किशोर दीवान दंतेवाड़ा, रामा साहू सेवानिवृत्त शिक्षक सेलगांव व संरक्षक परिक्षेत्र कोरर की विशेष भूमिका रही। सभा कि शुरुआत प्रथम वर्तमान जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू के द्वारा अपने तीन साल के अध्यक्षीय सेवा में लगातार गाँव - गाँव भ्रमण कर संगठन को सबके सहयोग से पुनः खड़ा व संगठित करने का कार्य रहा। जिसमें सभी ओबीसी भाइयों बहनों का भरपूर सहयोग मिला जिसके बदौलत संगठन को अनेक बार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से शासन के सम्मुख पिछड़ा वर्ग के मांगों को उठाने में सफल रहा। जिसमें ओबीसी सामाज के सभी कि उपस्थित व जिले के प्रत्येक ग्राम के सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों का आभार किया गया। तत्पश्चात जिले के संरक्षक मंडल को जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंपा गया। इस्तीफा पश्चात चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षकों के द्वारा संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में जिला अध्यक्ष हेतु आठ लोगों ने जिला अध्यक्ष हेतु नामांकन भरा जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर माधेश्वर जैन अंतागढ़ को मनोनयन किया गया।

## सालों के श्रम से संगठन को मजबूत बनाया



### ब्लाक अध्यक्ष हुए शामिल

चुनाव प्रक्रिया में जिले के वर्तमान पदाधिकारीयों में सभी ब्लॉक अध्यक्ष भानुप्रतापपुर अरविंद जैन, चारामा राजकुमार साहू, काँकेर धनेश यादव, दुर्गुकोंदल विजय पटेल, साथ ही संरक्षक हरेश चक्रधारी, मनीष योगी, युवराज पटेल, गौरीशंकर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष परमानंद साहू,महा सचिव अशोक यादव,सचिव ईश्वर साहू, कोरर परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव , संगठन मंत्री वेदप्रकाश सिन्हा, अलित जैन, जितेंद्र कुमार साहू, सतत्कार पटेल, राजेन्द्र प्रसाद कटेन्द्र, गुलाब साहू, एल के भरतद्वज, धन्नू साहू, बोधन साहू, लक्ष्मीनाथ, रामसिंह धनकर, विजय पटेल, राजीव श्रीवास, महेश पटेल, रामेश्वर जैन, परमानन्द पाल, निर्मल कुमार जैन, नरेश कुमार, दीपक प्रधान, नंदकुमार जैन, हेमंत यादव, जोहारु राम, दिनेश साहू, दुर्गा प्रसाद जैन, हुक्कूम साहू, गीता राम धनकर, टोमेश साहू, हरिराम साहू, बद्रीनाथ सहित पिछड़ा वर्ग समाज के लोग उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया व सभा का संचालन वर्तमान महासचिव अशोक यादव ने किया।

## खबर संक्षेप



### नौवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आज मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा में 29 अक्टूबर को धनवंतरी दिवस के अवसर पर 9 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार समय प्रातः दस बजे से उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। वर्तमान परिदृश्य में मिलेट की उपयोगिता और आयुर्वेद कुपोषण प्रबंधन प्रयास पर चर्चा किया जाएगा।

### चारामा के जितेंद्र बने सब इंस्पेक्टर

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के जैसाकर्रा निवासी जितेंद्र साहू का सब स्पेक्टर में चयन हुआ।



वह बचपन से ही पढ़ाई के क्षेत्र में एक होनहार छात्र रहे है। साथ ही एक खिलाड़ी के तौर पर भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन देते आए हैं। सब इंस्पेक्टर के इस परीक्षा के लिए उन्होंने दिन रात मेहनत किया, जिसके परिणाम स्वरूप पूरे चारामा आंचल में केवल एक नाम चयनित हुआ है।

### पर्रेकोड़ो में डांस स्पर्धा 2 को

**दुर्गूकोंदल।** नव युवक समिति के तत्वाधान में ग्राम पर्रेकोड़ो में 2 अक्टूबर को रात्रि कालीन राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सामूहिक नृत्य प्रथम 10000 रूपएं, द्वितीय 7000रूपएं, तृतीय 5000रूपएं, युगल नृत्य प्रथम 5000 रूपएं, द्वितीय 3000रूपएं, तृतीय 1500 रूपएं, एकल नृत्य प्रथम 3000 रूपएं, द्वितीय 2000रूपएं, तृतीय 1500 रूपएं प्रदान किया जाएगा।

संगोष्ठी : विभिन्न पुरस्कार और उपलब्धियों के विषय पर दी गई जानाकरी

# चारामा कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में आर्थिक विषय पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चारामा

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दी स्वेरियेस रिक्स बैंक पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉन्सन और जेम्स ए. रॉबिन्सन के आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में योगदान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

दी रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साईंस के द्वारा संयुक्त रूप से तीन अर्थशास्त्रियों ने अध्ययन किया कि किस प्रकार विभिन्न संस्थायें बनती हैं और समाज की समृद्धि पर प्रभाव डालते हैं। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में स्वेरियेस रिक्सबैंक पुरस्कार प्रदान किया गया। परिचर्चा में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को दी रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साईंस के द्वारा प्रदान किए जाने वाले नोबेल



पुरस्कार और दी स्वेरियेस रिक्सबैंक पुरस्कार के मध्य अंतर को स्पष्ट किया। आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में दी रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस के द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार को स्वेरियेस रिक्सबैंक पुरस्कार कहा जाता है, ना कि नोबेल पुरस्कार। विश्व के 20 प्रतिशत अत्यंत धनी देश, 20 प्रतिशत अत्यंत निर्धन देशों से आगे हैं। इसके पीछे जो उत्तदायी घटक हैं, वे हैं उन देशों की आर्थिक एवं राजनीतिक संस्थाओं का प्रभाव है। एक देश में संस्थाओं की गुणवत्ता या तो उसे आर्थिक समृद्धि या फिर अत्यंत निर्धनता की ओर ले जा सकती हैं।

तीनों अर्थशास्त्रियों ने ऐसे देशों का उदाहरण लिया है, जो कभी यूरोपीय देशों का उपनिवेश रहा हो। उन्होने पाया कि जिन देशों में संस्थाओं ने कानून का शासन सुनिश्चित किया और संपत्ति के अधिकारों को लागू किया, वहां व्यक्तियों को काम, बचत और निवेश करने के लिए मजबूत प्रोत्साहन मिला और दूसरी तरफ जिन देशों में राजनीतिक स्वतंत्रताएं सीमित थीं तथा आर्थिक शक्ति का केद्रीकरण हुआ, वहां आर्थिक स्थिति खराब हो गई।

परिचर्चा में महाविद्यालय के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डोमेश केमरो, महेश कतलाम, सोमनाथ साहू, देवलाल कावड़े, नरेश साहू एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

# भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन सूक्ष्म व्यवसायिक क्षेत्र में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन के नाम अब उपलब्धियां आने लगी है और दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन को सूक्ष्म व्यवसायिक में प्रथम स्थान दिया गया है। यह भानुप्रतापपुर रेलवे के सभी अधिककारी व कर्मचारी के अलावा भानुप्रतापपुर नगरवासियों के लिए गौरव की बात है। भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन भानुप्रतापपुर क्षेत्र के विकास के लिए नए आयाम गढ़ रहा है एवं आम जनता की सुविधा के लिए यात्रा उपलब्ध कराने में भी अव्वल है। भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन के स्टाप की वजह और क्षेत्र की जनता के प्रयास से भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन को दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा सूक्ष्म व्यवसायिक में प्रथम स्थान दिए जाने से यह रेलवे स्टेशन प्रदेश के नक्शें में अपना स्थान बना लिया है। इस पुरस्कार के मिलने पर भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन के साथ-साथ भानुप्रतापपुर क्षेत्र के लिए गौरवशाली हो गया है। इस रेलवे स्टेशन में क्षेत्र के समाज सेवी अंबिका प्रसाद सोनी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी अनंतगोपाल कोठारी द्वारा लगातार आम जनता की सेवा के लिए सदैव रेलवे के आला अफसरों को सुविधाओं को लेकर प्रयास करते रहते है और उसी का परिणाम है कि यह सफलता भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन को मिली है। इस अवसर पर शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निकाली रैली



**कांकेर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, किशोर कुमार ध्रुव एवं रोहीत वर्मा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय कांकेर से प्राचार-प्रसार रथ के साथ मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट ने रैली निकाली। रैली शहर के पुराने बस स्टैंड से वापस जिला अस्पताल पहुंची। सभी स्टूडेंट को मानसिक स्वास्थय अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमल भगत, डॉ. लोकेश कुमार देव ने दिया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार एनसीडी डॉ. योगेश प्रजापति, डॉ. विनोद वैद्य, राकेश राजपूत, आशीष जैन, खगेन्द्र पटेल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## डे नाइट राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा आज से

**दुधावा।** दिपावली पर्व के अवसर पर डुबान क्षेत्र बिहावापारा में दो दिवसीय 29 से 30 अक्टूबर तक नव युवक महिला संगठन कर्मचारी संघ एवं सर्व समिति के तत्वावधान में डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 12,112 रूपएं, दूसरा पुरूस्कार 8001 रूपएं, तीसरा पुरूस्कार 5001 रूपएं, चौथ पुरूस्कार 3001 रूपएं रखा गया है। इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के लिए रास्सा खींच प्रतियोगिता, हांडी फोड़ प्रतियोगिता, बालिका वर्ग के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं ग्राम स्तर पर 10 वीं एवं 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



## कबड्डी स्पर्धा के समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत चिहरो में चल रही पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार दुग्गा सरपंच ग्राम पंचायत चिहरो, विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, संतो बाई दुग्गा, विजय पटेल एवं देवेन्द्र टेकाम रहे, जबकि अध्यक्षता मालिक राम चुरेंद्र ने किया।



प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला कटरेल एवं चिहरो के मध्य खेला गया, जिसमें कटरेल की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए चिहरो की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सरपंच कृष्ण कुमार दुग्गा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के खेलों का आयोजन होने से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है साथ ही युवा खेलों के जरिए अपना करियर बना सकते हैं। प्रथम विजेता टीम कटरेल को मुख्य अतिथि द्वारा 10001 रुपएं एवं शील्ड द्वितीय विजेता टीम चिहरो को 7001 रूपएं तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हाहालद्दी की टीम को 3001 रूपएं नगद प्रदान किया गया।

## रासेयो पटौद शिविर में बेहतर स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर बस्तर विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डीएल पटेल एवं सेजेस पटौद प्राचार्य डीएस निषाद के मार्गदर्शन में मुनगाडीह में 21 से 27 अक्टूबर तक हुआ। समापन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को अतिथियों ने प्रमाण-पत्र एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन वालो को पुरस्कार वितरण किया। महादलनायक रितेश जुर्री, महादलनायिका शीतल उसेंडी को शील्ड प्रदान किया गया। सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट स्वयंसेवक मोहन पैंकरा, उत्कृष्ट स्वयंसेविका सोनम दर्रो को चुना गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए टिकेश्वरी नेताम एवं पियूष नेवरा को पुरस्कृत किया गया। शिविर में अच्छे टीम वर्क, परियोजना कार्य के लिए भी पुरस्कार वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम में विशेष सहयोगी पंच तुकाराम भास्कर ने शिविर से स्वयंसेवकों को मिली शिक्षा और ग्रामवासियों को स्वच्छता, योग छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य द्वारा सांस्कृतिक संदेश की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी शिविर आयोजन हेतु सहयोग की बात कही। सरपंच एवं नवयुवक मंडल द्वारा आरती टीका कर शिविरार्थियों को विदाई दी गई संध्या समय तक सभी विद्यार्थी सकुशल अपने घर पहुंच गए । कार्यक्रम के समापन में मोहपुर के सरपंच महाबती भास्कर, उप सरपंच गिरवर मंडावी, पंच तुकाराम नेताम, बालाराम भास्कर, राजकुमार भास्कर, जागेश्वर पोया, खमन पोया, गोपाल भास्कर, देवचंद सिन्हा, सागर मंडावी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# दुर्गूकोंदल में दिवाली बाजार सजकर तैयार, उमड़ी भीड़ जमकर खरीदारी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल

दिवाली पर्व अब देखते बन रही है। सार्वजनिक स्थलों से लेकर मकान और दुकान सब सजने लगे हैं। शाम ढलने के बाद झिलमिल रोशनी से नगर जगमग है। अब अगले चार दिनों तक नगर की भव्यता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जाएगी। बाजार भी उछाल मार रहा है। हर तरह के कारोबार में बढ़ोत्तरी दर्ज होने लगी है।

पांच दिनों तक दिवाली के साथ मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व वर्ष भर में एक विशेष अवसर लेकर आए हैं। अमीर-गरीब हर व्यक्ति खरीदारी में जुटा है। प्रमुख बाजार पक्के और पुरानी बस्ती ग्राहकों से



पूरे दिन भरे रहे। छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़े रहे। दुकानों में खरीदारों की भीड़ लग रही है। लोग परिवार के साथ खाली हाथ पहुंचे और लौटते समय झोला एवं पैकेट में भर-भरकर सामान ले गए। खरीदारों की भीड़ के चलते नगर में आवागमन का दबाव अधिक देखा गया। मंगलवार को धनतेरस के दिन कारोबार और चटख होने की उम्मीद है। इस दिन बर्तन और सोना-चांदी के जेवरात की खरीदारी सबसे अधिक होगी। बाजार में बर्तन और सराफा कारोबारी अधिक से अधिक व्यवसाय करने के लिए पहले से तैयार हैं। व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों में किस्म-किस्म के उत्पाद सजाए हुए हैं। इस बार धनतेरस में इलेक्ट्रिक और बर्तन भी मंगाए गए हैं। स्टील, पीतल, तांबा के अलावा मिट्टी के भी आधुनिक डिजाइन के बर्तन रखे गए हैं। उम्मीद है कि कारोबार अच्छा होगा। बाजार में रेडीमेड और अन्य कपड़ों के प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की संख्या ज्यादा देखने को मिली। महिलाएं, बच्चे, पुरुष सभी एक साथ कपड़ों की खरीदारी करते नजर आए। कारोबारियों की तरफ से भी बदलते सीजन के हिसाब से विधिवत तैयारी की गई है। ग्राहकों को एक बढ़कर एक नई डिजाइनों के कपड़े दिखाकर लुभाए जा रहे हैं।






## बलरामपुर की घटना में युवक की आत्महत्या नहीं हत्या है : मौर्य

**जगदलपुर।** बलरामपुर में युवक की आत्महत्या के मामले पर राजीव भवन में सोमवार को कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेसवार्ता में सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री मौर्य ने कहा कि गुरुचरण मंडल ने आत्महत्या नहीं की बल्कि ये हत्या है। पूछताछ के बहाने 4 दिन तक थाने में रखा गया। मृतक के पिता और समधी को भी 4 दिन थाने में रखा गया। पुलिस की पिटाई से गुरुचरण की मौत हुई है। किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरुचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया ? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? मृतक के पास टॉवल कहां से आया। जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। मौर्य ने कहा कॉंग्रेस पार्टी की मांग है कि इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराया जाये।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पींपल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना, भंगदर एवं फिस्टूला का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज




डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में किया गया

## सर्वसुविधायुक्त अटल उद्यान का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में नवनिर्मित सर्व सुविधा युक्त अटल उद्यान का उद्घाटन रविवार को महापौर सफीरा साहू और वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने किया। इस अवसर पर विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, रजनीश पाणिग्राही, सुरेश गुप्ता, भाजपा पार्षद, एमआईसी सदस्य और निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए। इस दौरान महापौर सहित अन्य अतिथियों का गजमाला और पुष्पहार से स्वागत किया गया। पार्षद संजय पांडे ने सभी अतिथियों का साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इससे पहले बंगाली साड़ी ड्रेस कोड में पहुंची वार्ड की महिलाओं ने अतिथियों पर प्रवेश द्वार से अटल उद्यान तक पुष्प वर्षा, दीपक और शंखनाद कर स्वागत किया। इस दौरान अटल उद्यान में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मद्दी ने कहा कि भाजपा में संजय पांडे की ऊर्जा हमें प्रेरणा देती है। महापौर ने नवनिर्मित अटल उद्यान की प्रशंसा करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। अटल उद्यान वार्ड वासियों को स्वस्थ रखने में सहायक होगा। संजय पांडे ने कहा कि सरकार विकास कार्यों को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और महापौर सफीरा साहू का आभार का व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक और महापौर की सहायता से ही अटल उद्यान का निर्माण पूरा हो सका। संजय पांडे ने कहा कि अटल उद्यान में उच्च गुणवत्ता का ओपन जिम स्थापित किया है जिससे वार्ड वासियों निःशुल्क इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों प्रेरणा और परिश्रम से तथा विधायक और महापौर के सहयोग से इस उद्यान का निर्माण पूरा हो पाया है।

## सड़क दुर्घटना में नर्सिंग कालेज का कर्मचारी घायल

**धमतरी।** कालेज से घर लौट रहे नर्सिंग कालेज के कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मारकर घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम मरादेव निवासी अनीश कुमार लाल उम्र 39 वर्ष नर्सिंग कालेज लिमतरा में कार्यरत हैं। युवक सोमवार की शाम नर्सिंग कालेज लिमतरा से स्कूटी में सवार होकर रूद्री रोड होते हुए अपने घर ग्राम मरादेव जा रहा था। इसी दौरान राधास्वामी सत्संग के पास तेज रफ्तार कार का चालक उसकी स्कूटी को ठोकर मारकर मौके से भाग गया। कार की ठोकर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान अपने सहयोगी डोमन साहू के साथ घटनास्थल पहुंच गए। मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों के सहयोग से घायल को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया।







